# प्रेस नोट थाना गीडा जनपद गोरखपुर दिनांक 02.08.2025

**लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, कब्जे से लूट की 01 अदद मोबाइल, 01 अदद चेन ( पीली धातु ), मुठभेड़ के दौरान प्रयुक्त 02 अदद अवैध तमंचा, 03 अदद जिंदा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गीडा अश्वनी कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 459/2025 धारा 304 भा0न्या0सं0 से तरमीम धारा 309(4),3(5) भा0न्या0सं0 से संबंधित वांछित अभियुक्तों 1.अश्वनी कुमार व 2. शिवा को पुलिस मुठभेड़ में लूट की 01 अदद मोबाइल, 01 अदद चेन ( पीली धातु ), मुठभेड़ के दौरान प्रयुक्त 02 अदद अवैध तमंचा, 03 अदद जिंदा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गई एवं थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 462/2025 धारा 109,3(5),351(3) भा0न्या0सं0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** वादिनी थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित जीरो पाइंट के पास एक ढाबा चलाती हैं। दिनांक 31.07.2025 को शाम के समय वादिनी ढाबे के बाहर बैठी हुई थी, तभी दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ढाबे पर आये एवं वहां से 01 बोतल पानी लेने के बाद वादिनी का मोबाइल व वादिनी के गले में पहना हुआ चेन लेकर भाग गए। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 01/02.08.2025 की रात्रि में थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित देइयापार मोड़ के पास पुलिस चेकिंग के दौरान 02 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। पुलिस बल द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई जिसमें दोनों अभियुक्त घायल हो गए। अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना नाम 1.अश्वनी कुमार व 2. शिवा बताया, जो मु0अ0सं0 459/2025 में वांछित अभियुक्त है, जिन्हें दवा इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम, पता व आपराधिक इतिहास-**

1. अश्वनी कुमार पुत्र स्व0 सुनील कुमार निवासी नारायनपुर थाना कोतवाली जनपद औरैया हाल पता बांसी राजेंद्र नगर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर
2. शिवा पुत्र मनोज कुमार निवासी नारायनपुर थाना कोतवाली जनपद औरैया

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 459/2025 धारा 309(4),317(2),3(5) भा0न्या0सं0 थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 462/2025 धारा 109,3(5),351(3) भा0न्या0सं0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना गीडा जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-**

लूट की 01 अदद मोबाइल, 01 अदद चेन ( पीली धातु ), मुठभेड़ के दौरान प्रयुक्त 02 अदद अवैध तमंचा, 03 अदद जिंदा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. प्र0नि0 अश्वनी कुमार पाण्डेय थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 संतोष कुमार सिंह थाना गीडा जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 शुभम श्रीवास्तव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 ऋषभ पाण्डेय थाना गीडा जनपद गोरखपुर
5. म0उ0नि0 आंचल थाना गीडा जनपद गोरखपुर
6. म0उ0नि0 दीपा यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
7. हे0कां0 सुमन्त यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
8. हे0कां0 रामवृक्ष थाना गीडा जनपद गोरखपुर
9. कां0 उमापति वर्मा थाना गीडा जनपद गोरखपुर
10. कां0 पंकज कन्नौजिया थाना गीडा जनपद गोरखपुर
11. कां0 शिवम वर्मा थाना गीडा जनपद गोरखपुर
12. कां0 विकास यादव 1 थाना गीडा जनपद गोरखपुर
13. कां0 प्रदीप कुशवाहा थाना गीडा जनपद गोरखपुर
14. कां0 विजय यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर